## सार-समाचार

### अंबेडकर जयंती समारोह पर चर्चा

**पोकरण,** (कासं)। भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाने को लेकर स्थानीय मेघवाल समाज न्याति नोहरा में दलित अधिकार अभियान कमेटी व दलित संगठनों की बैठक कमेटी अध्यक्ष शेराराम पूनड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए दलित अधिकार अभियान कमेटी के सचिव गणपतराम गर्ग ने बताया कि बैठक में अम्बेडकर जयंती समारोह आयोजन समिति का गठन सर्वसहमति से किया गया । जिसमें सुरेश नागौरा को संयोजक, चेतनराम भाटी को सहसंयोजक और अशोक कुमार जयपाल, रतनलाल जीनगर, भंवर लीलावत, दानाराम जुईया, उगमाराम जयपाल, रत्न तेजी, मूलाराम भील को सदस्य मनोनीत किया गया। 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन हर वर्ष की भांति अम्बेडकर सर्किल पर नगरपालिका के सहयोग से हर्षोल्लास पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। अम्बेडकर जयंती समारोह आयोजन समिति की आगामी बैठक अगले रविवार को कर कार्यक्रम की पूर्णरुप से रूपरेखा तैयार कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस बैठक में खेताराम लीलड, रेंवताराम बारुपाल, भगाराम देवपाल, चेतनराम गर्ग, चौथाराम भील, नखताराम पंवार, किशोरीलाल खटीक, सत्यनारायण चंन्देल, कैलाश नागौरा, श्रवण खींची, राजेन्द्र जुईया, धनाराम पंवार, डालाराम पंवार, बाबूलाल बारुपाल, डूंगरराम पन्नू, सहित कई मौजीज गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कमेटी अध्यक्ष शेराराम पूनड ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मां के दरबार में भक्तों ने लगाए जयकारे

**पोकरण,** (कासं) । चैत्र नवरात्रि का पर्व शक्ति व भक्ति की आराधना के साथ ही सनातन धर्म का नव वर्ष मनाया गया। चैत्र नवरात्रि में भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक और भक्ति से भरपूर होता है। पोकरण में मां आशापूर्णा के दरबार में घटस्थापना के मुख्य यजमान देवकीनंदन बिस्सा, पंडित गिरिराज पुरोहित के द्वारा घट स्थापना की गई। शहर की जाज्वला मंदिर, चामुंडा मंदिर, खीमज माता जी का मंदिर नागणेचा राय मंदिर, लटियाल जी का मंदिर, घवज्जल माता मंदिर , संच्चाय माता मंदिर सहित मंदिरों को आकर्षक रोशन रोशनी के साथ सजाया गया। मां के भक्तों द्वाराशक्ति और भक्ति की उपासना शुरू हो गई, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह मंगलाचरण के साथ मां के जयकारों की गूंज मन्दिरों मेसुनाई दी। जिससे सनातन धर्म प्रेमियों ने नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास उल्लासपूर्वक किया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा शहर के मुख्य मार्गो एवं चौराहों पर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाओं के बैनर एवं रंगोली बनाकर,पताकाएं लगाकर नव वर्ष के आगमन की शुभकामनाएं दी गई। दिन भर मंदिरों में भक्तों की रेलम पेल बनी रही।

### चेटीचंड पर निकाली शोभायात्रा

**पाली,** (नि.सं.)। चेटीचंड का पर्व शहर में रविवार को उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिसको लेकर सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। सुबह मंदिर परिसर में शिखर पर अतिथियों द्वारा ढोल धमाके के साथ ध्वजा चढ़ाई गई। जिसमें पूर्व विधायक ज्ञानचंद पार्क महेंद्र बोहरा, मौजूद रह। इसके बाद दोपहर 11:00 बजे आरती के पश्चात शोभा यात्रा बैंड बाजा के साथ रवाना हुई। सिंधी बैंड धुन पर डांडिया करते युवक युवतियां जमकर नृत्य कर रहे थे, और आयो लाल झूलेलाल के जयकार लग रहे थे। आधा दर्जन झांकियां में वरुण देवता,देवी देवता, राधा कृष्ण, प्रेमानंद महाराज कालका देवी और झूलेलाल की सवारी थी। पुलिस की सुरक्षा में शोभायात्रा सिंधी कॉलोनी से रवाना होकर पानी दरवाजा फतेहपुरिया बाजार, सराफा बाजार, आदि विभिन्न मार्ग से होकर पुण मंदिर पहुंची। लखोटिया में जोत का विसर्जन किया गयां इस अवसर पर पुजारी गुलाब राय, पूर्व महापौर ललित प्रीतमनी, पूर्व पार्षद किशोर सोमनानी, जय जस वानी, जय थवानी, सहित कई समाज बंधु मौजूद रहै। रात्रि में सिंधी कॉलोनी मैं मेल सा लग रहा, रात्रि में डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ।

### बांगड़ स्कूल मैदान पर नव वर्ष मेगा लगा

**पाली,** (नि.सं.)। भारतीय नव वर्ष के अवसर पर शहर के बांगड स्कूल मैदान पर नव वर्ष मेले का आयोजन किया गया। समिति के सोहन सिंह ने बताया कि 65 समाज के द्वारा 200 व्यंजन की स्टाले लगाई गई। रविवार को शाम 4:00 से रात में 10 बजे तक मेले को देखने शहर वासी उमड पड़े। जहां अमरनाथ की गुफा, भारत माता का नक्शा, त्रिवेणी संगम आकर्षण का केंद्र थे, सभी समाजों की स्टालों पर सस्ती दर पर खाने-पीने की चीजें उपलब्ध रही।10 में दो कोफ्ते, 10 भेलपुरी, 20 मावा कचोरी, 20 में खाना प्लेट, 10 में चाऊमीन, 5 में जूस, आदिकई व्यंजन उपलब्ध है। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रस्तुति दी।

### गणगौर पर्व के मधुर गीत गूंजे

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। स्वर्ण नगरी में चल रहे गणगौर पर्व को लेकर महिलाओं, नव विवाहित महिलाओं व लड़कियों में उत्साह है। होली के दूसरे दिन से शुरू होने वाले इस पर्व के दौरान युवतियां सोलह श्रृंगार कर सज धज कर प्रतिदिन माता पार्वती भगवान शिव के प्रतीक गवर ईशर की पूजा अर्चना कर रही है । मान्यता के अनुसार नव विवाहित महिलाओ ने शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर पर्व मनाया । माहेश्वरी समाज की राठी, सांवल, झंवर महिलाओं ने शाम को सज धज के समूह में अपने सगे संबंधियों, परिचतों के घरों में जा कर उनके शादी योग्य बेटे की शादी होने के लिए गणगौर माता से प्रार्थना करते हुए घुड़ला गीत गाये माना जाता है कि गणगौर व्रत रखने वाली महिलाओं द्वारा गाये गये गीतों के पाश्चात् कुंवारे लड़कों की सुयोग्य कन्या से शीघ्र शादी हो जाती। महिलाओं, कुंवारी कन्याओं द्वारा माठ में माठोली घूमे कोठी में ज्वारा रे म्हारो बीरो परने आयो लाचाकड़ी सी लाडी लायो पग में पायल बाजे रे...जम्बूरशी, आ टी टी म्हारी गवरा बाई नो सोहे.., घुड़लो घूमे जी.. आदि ईसर भगवान एवं गवरा माता के गीत गाये रिश्तेदार भुआ, मासी, नानी के यहां महिलाओं ने गीत गाये वहाँ उन्हे नेग दी गई, आइसक्रीम खिलाई गई। इस दौरान मोहल्ले में आस पास में रहने वालों ने भी गीत सुने और प्रशंसा की।

### बालोतरा में निवेश उत्सव आज

**बालोतरा,** (निसं)। राजस्थान दिवस सप्ताह महोत्सव के तहत सोमवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में 11 बजे जिला स्तरीय निवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक दुष्यंत पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री बिडला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित कार्य म से लाभार्थियों से संवाद करेंगे। जिसका वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राईजिंग राजस्थान में 3 लाख करोड रु. के प्रोजेक्ट की ग्राउण्ड ब्रेकिंग, लॉजिस्टिक, डेटा सेंटर एवं टेक्सटाइल पॉलिसी का विमोचन, राइजिंग राजस्थान निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग एवं ट्रेकिंग हेतु मोबाइल एप, राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नये चेप्टर्स की शुरूआत के आदेश जारी करने के साथ, राईजिंग राजस्थान का न्यूज लेटर का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ जिले के निवेशक भी उपस्थित रहेंगे।

### रन फॉर फिट राजस्थान के लिये दौड़े लोग

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान दिवस के अवसर पर विविध आयोजनों की कडी में आज रविवार को सवेरे बांगड स्कूल से रन फॉर फिट राजस्थान दौड का आयोजन जिला प्रशासन, खेलकूद, शिक्षा व अन्य विभागों के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी सिंह पंवार ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई। दौड में विधार्थियों, बच्चों खिलाड़ियों आदि ने उत्साह से रन फॉर फिट राजस्थान के लिये दौड़ लगाई। दौड़ बांगड स्कूल से अम्बेडकर सर्किल होते हुए वापस बांगड स्कूल पहुंच समाप्त हुई। दौड़ में खिलाड़ीगण, आमजन, स्कूली विद्यार्थी, महाविद्यालय विद्यार्थी, एन.एस.एस व एन.सी.सी, स्काउट्स गाइड्स, नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल संघों व खेल अकादमियों के खिलाड़ीगण एवं प्रशिक्षणार्थिगण ने भाग लिया। इस अवसर पर विजेताओं को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कार दिए गये एवं सरस डेयरी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गयी।

### आदर्श मंदिर मे भारतीय नववर्ष मनाया

**रेवदर,** (निसं)। विद्या मंदिर के भैया बहिन व आचार्यो ने घर घर व दुकानों पर जाकर तिलक, मोली , गुड खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी । प्रधानाचार्य अगरा राम कुम्हार ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिन के ऐतिहास महत्व बताए। विद्या मंदिर की दीदीयो द्वारा महादेव मंदिर, हनुमान चौक, हिंगलाज माता मंदिर व विद्या मंदिर में रंगोली बनाई गई। साथ में ग्रामीणों ने भी शुभकामनाएं देते हुए। गांव में खुशी का माहौल नजर आया।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के पहले दिन कई कार्यक्रम हुए

**जालोर,** (कासं)। भारत विकास परिषद्, संस्कार भारती एवं जीवन आनंद योगा फाउंडेशन जालोर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्टेशन रोड स्थित नेहरू उद्यान में रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के प्रथम दिन एक मंगलमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्कार भारती, जोधपुर प्रांत के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पोमल, भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम प्रान्त के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, परिषद् शाखाध्यक्ष व जीवन आनंद योगा फाउन्डेशन अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा, प्रबुद्ध विचारक संस्कृति शोध परिषद् के निदेशक संदीप जोशी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस पावन दिवस पर प्रात 6.51 बजे सूर्योदय की शुभ वेला में भगवान भास्कर की पहली रश्मियों से प्राप्त जीवनदायनी ऊर्जा को सभी ने अपने में समाहित कर नव वर्ष का उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ स्वागत किया। भारतीय परंपरानुसार संगीत की कर्ण प्रिय झंकार के साथ उपस्थित सभी लोगों ने पंक्तिबद्ध खडे होकर सूर्य देव की आराधना के साथ उन्हें जल अर्पित कर अर्ध्य देकर जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की । कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कार भारती के जोधपुर प्रान्त उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पोमल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए इस दिन को सांस्कृतिक परंपराओं का दिवस बताते हुए संस्कार सृजन में इस दिन की उपादेयता पर प्रकाश डाला। संस्कृति शोध परिषद् के निदेशक संदीप जोशी ने नववर्ष के स्वागत को रेखांकित करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि आज के दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी इसलिए यह दिन सृष्टि की रचना का प्रारंभ दिवस है। उन्होंने बताया कि कि आज का दिन हमारे जालोर की स्थापना का गौरवशाली ऐतिहासिक दिवस भी है। हमें अपने जालोर के स्वाभिमान व गौरव को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करना होगा। भाविप के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने इस दिन को राष्ट्रीय गौरव व स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए कहा कि हमें अपनी नयी पीढी को हमारी भारतीय संस्कृति,हमारी धार्मिक मान्यताओं व गौरवशाली अतीत से अवगत कराना होगा । जीवन आनंद योगा फाउंडेशन व योग प्रशिक्षक अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा ने इस अवसर पर सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की याद दिलाते हुए नियमित योगाभ्यास के साथ स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की बात कही। साथ ही इस अवसर पर राजेन्द्र भूतड़ा के निर्देशन में सभी लोगों ने योगाभ्यास के साथ प्राणायाम कर स्वस्थ समर्थ व संस्कारित भारत निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज करने को लेकर संकल्प लिया। कार्यक्रम के अन्त में संस्कार भारती के जालोर शाखाध्यक्ष तेनसिंह परमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।



जालोर में आर्य वीर दल ने आर्य समाज स्थापना दिवस व नवसंवत्सर मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर संस्कार भारती जिलाध्यक्ष तेनसिंह परमार, लोक कला संयोजक गणपत कच्छवाह,परिषद् शाखा सचिव संतोषकुमार दवे शान्तिलाल सोनी , प्रेम कुमार परमार , कमल किशोर भूतडा, धर्मेंद्र पटवा, पुखराजसिंह चौधरी , कमलेश सोलंकी, जगदीश अग्रवाल,प्रकाश भटनागर, वरूण पोमल, श्यामा भूतडा, सीता सुन्देशा,देविका रानी पोमल , रेखा, सांवलराम माला, अशोक सोनी, अशोक जैन, दिनेश चौधरी,हंसराज सहित भारत विकास परिषद् व जीवन आनंद योगा फाउन्डेशन के सदस्य व शहर के कई गणमान्य प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### भाजपा महिला मोर्चा ने नववर्ष की दी शुभकामना

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में हिन्दू नववर्ष पर रंगोली आदि बनाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई दी।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोलंकी ने बताया हिंदू नव वर्ष जालोर के हरिदेव जोशी सर्कल पर मनाया गया। इस अवसर पर दीपक जलाए, रोशनी की, रंगोली बनाई ,मिठाइयां बाटी, एवं सब का मुंह मीठा किया गया । इस अवसर पर मंजू सोलंकी ने विस्तृत से जानकारी देते हुए बताया कि आज 3 मार्च को हिंदू नव वर्ष मनाया जा रहा है। आज से नवरात्रि की शुरुआत हो गई है, अर्थात आज नवरात्रि का पहला दिन है । उसी के साथ हिंदू कैलेंडर बदल गया है और विक्रम संवत शुरू हो गया है हिंदू नव वर्ष का पहला महीना चैत्र होता है हिंदू नव वर्ष पर लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं एवं देवी देवताओं की पूजा अर्चना करते हैं । साथ ही दान भी करते हैं। आज हिंदू नव वर्ष का गर्म जोशी एवं ढोल नगाडा के साथ स्वागत किया एवं कार्यक्रम किया। रविवार को घरों एवं गांव गलियारों को भगवा ध्वज पत्ताको से सजाया गया और नए साल का जश्न मनाया गया । इस अवसर पर मंजू सोलंकी, नीलम परमार, अलका गुप्ता, बीना शर्मा, मीना, सुरभि, अर्चना,इंदु, सपना, पिंकी, सौरभ, कविता आदि मौजूद रही।

### आर्य समाज ने स्थापना दिवस व नववर्ष मनाया

आर्य वीर दल एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविार को आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस व नवसवत्सर धूमधाम से मनाया गया।

आर्य वीर व वीरांगनाओ ने हरदेव जोशी सर्कल, नया बस स्टैंड व अस्पताल चौराया सहित कई स्थानों पर लोगों का तिलक लगाकर एवं गुड - धाना खिलाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, प्रदेश संचालक विनोद आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य, आर्य वीर दल के संरक्षक दलपत सिंह आर्य, संचालक प्रशांत सिंह, संगङ्गन मंत्री कांतिलाल आर्य, पूर्व संचालक छगन आर्य, सुशील पाल आर्य, गणपत आर्य, पूर्व पार्षद भरत मेघवाल, मोहनलाल भादरु, छगन कोच, वुशू कोच देवेश आर्य, समाजसेवी डूंगाराम सुथार सहित बडी संख्या में आर्य वीर एवं वीरांगनाए उपस्थित थे।

# चांद दिखा, इदुल फितर आज

- रेडीमेड कपड़ों और जूतों की दुकानों पर खरीददारों की भीड़
- मुस्लिम लोगों ने मुबारकबाद दी

**जालोर,** (कासं)। जिलेभर में रविवार शाम को चांद दिखाई देने से सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जायेगा। चादं दिखने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

जालोर ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक ने बनाया की सोमवार सुबह 8.30 बजे ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी। वहीं ईद को लेकर मुस्लिम समाज ने चांद दिखने के बाद एक दूसरे को चांद की मुबारक बाद दी तथा ईद को लेकर मुस्लिम समाज के ईद की तैयारी में जुट गए वही ईद को लेकर आज बाजार में भारी भीड नजर आई वही ईद को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कडे बंदोबस्त कर रखे है। ईदगाह में कमेटी की ओर से छाया के लिए बडा शामियाना लगाया गया है।ईद से पहले बाजारों में काफी चहल-पहल देखी जा रही है। रोजेदारों ने इफ्तार के बाद चांद का दीदार किया और फिर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। चांद नजर आया, खुशी का माहौल बन गया। लोग एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद देने लगे।

ईद का चांद नजर आते ही बाजारों में रौनक बढ गई है। लोग मिङ्गाइयां और नए कपडों की खरीदारी में जुट गए हैं। बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं घरों में सेवइयों और पकवानों की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

बाजारों में चहल-पहल ईद के त्योहार के चलते बाजारों में भी भारी भीड देखी गई। रेडीमेड कपडों और जूतों की दुकानों पर खरीददारों की भीड उमड पडी, जिससे कारोबार में तेजी आई ईद के कारण बाजारों में लोगों की भीड उमड पडी है।

कारोबार खूब फल-फूल रहा है और बिर्क्री भी अच्छी हो रही है।'' कपडा व्यापारी असलम ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। उन्होंने कहा, इस ईद पर कारोबार बहुत अच्छा रहा। बिक्री भी अच्छी रही और त्योहारी माहौल भी खुशनुमा रहा।



जैसलमेर जिला मुख्यालय पर रन फॉर फिट राजस्थान मैराथन को विधायक छोटूसिंह भाटी व कलैक्टर प्रतापसिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर परसराम ,उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाशदान जुगतावत, पुलिस उपाधीक्षक रूपसिंह इंदा, तहसीलदार पारसमल राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रामनिवास शर्मा, सहायक निदेशक पर्यटक स्वागत केंद्र कमलेश्वरसिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। फोटो-राष्ट्रदूत

# गौमाता को राज माता बनाने की मांग का अभियान शुरू



जालोर में विप्र फाउंडेशन ने गौमाता को राजमाता घोषित करने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। विप्र फाउंडेशन जालोर की ओर से गौमाता को राज माता घोषित करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष नैन सिंह राजपुरोहित आलासन भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

संयोजक ललित दवे ने बताया कि हस्ताक्षर सभी 36कौम के लोगों से 51000 से अधिक संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया है । उसे जालोर जिले के सभी कार्यकर्ता घर -घर संपर्क कर सभी ब्लाक अध्यक्ष अपनी तहसील स्तर प्रारंभ करेंगे। जिला अध्यक्ष नैन सिंह ने कहा गौमाता का राज माता घोषित करने हेतु मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को हस्ताक्षर युक्त पत्रक दिये जायेगे सभी कार्यकर्ताओं नव वर्ष की मंगलकामना के साथ अभियान को सफल बनाना है।

इस अवसर पर किशोर सिंह राजपुरोहित, पोकरमल दाधीच, कैलाश दवे, बनवारी लाल शर्मा, अशोक पारीख, गिरधारी लाल दवे, संजीव शर्मा, राजेश दवे, अनिल शर्मा, कैलाश शर्मा,मनोहर आदि उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने आगामी कार्यक्रम भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया पर समारोह पर स्नेह मिलन कार्यक्रम रखने का विचार किया।

### गौतम जयंती मनाई

**पाली,** (नि.सं.)। नवरात्रि की एकम के अवसर पर गौतम ऋषि जयंती शहर के अग्रसेन भवन रोड गुर्जर गोड समाज भवन में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी और पुष्पों से सजाया गया।

# मिर्गी के इलाज में नई सोच पैदा कर अंध विश्वास को मिटाया है : व्यास

**जोधपुर,** (का.सं.)। हर माह होने वाले निशुल्क मिर्गी शिविर की कड़ी में 320 वें कैंप का श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में उद्घाटन भूतपूर्व न्यायधीश और मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन गोपाल कृष्ण व्यास और स्वतंत्र वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र गौड़ ने किया।

गोपाल कृष्ण व्यास ने कहा कि 27 वर्ष से लगातार मिर्गी रोगियों की निशुल्क चिकित्सा के साथ इनके जीवन के सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन करना इनको मिर्गी से मुक्त ही नहीं किया जा रहा बल्कि इनके रोजगार की व्यवस्था कर इनको समाज की मुख्यधारा में सामान्य नागरिक जीवन जीने का सम्मान भी दिया जा रहा है। ये इन कैंपों की सबसे बड़ी विशेषता है चिकित्सा करके मरीज को सामाजिक सम्मान देना मैने कहीं भी नहीं देखा। इसके लिए मैं डा नगेंद्र शर्मा और उनकी टीम को साधुवाद देता हूं और आज हिन्दू नव वर्ष की भी बधाई देता हूं ।पत्रकार रामचंद्र गौड़ ने कहा कि आज के बीस वर्ष पूर्व मैंने इन कैंपों का नाम मिशन 30 रखा था और इसी शीर्षक से एक आलेख इन कैंपों पर लिखा था और कहा कि कोई भी कार्य शुरुआत तो किया जा सकता है ,लेकिन उसको लगातार जारी रखना एक भागीरथी प्रयास होता है ।27 वर्षों लगातार इन कैंपों का आयोजन कर डॉ. नगेंद्र शर्मा ने पूरे मिर्गी रोगियों की सोच में आमूल चूल परिवर्तन किया है। जिस बीमारी का अंधविश्वास के सहारे इलाज किया जाता था आज वो एक ब्रेन की बिमारी के रूप में जानी जाती है और मरीज अपना इलाज करवाकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहें है। ये इन शिविरों की बड़ी उपलब्धि है। मैं अपने दिल से डा नगेंद्र शर्मा और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं ।




श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में मिर्गी शिविर भूतपूर्व न्यायधीश मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन गोपाल कृष्ण व्यास और स्वतंत्र वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र गौड़ के आतिथ्य में लगाया।

इस अवसर पर बेटी एक मुस्कान संस्थान की अध्यक्षा स्नेहा भंडारी और हेलमेट और सीटबेल्ट जैसी फिल्मों के निर्देशक सुनील पुरोहित ने भी अपने विचार रखे ।और कहा भविष्य में मिर्गी जैसी बीमार की सामाजिक सोच बदलने के लिए एक फिल्म बनानी चाहिए।

संस्थान की सचिव डॉ. पद्मजा ने बताया कि कैंपों की शुरुआत में अतिथियों को शॉल और माल्यार्पण कर स्वागत किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

डॉ. नगेंद्र शर्मा ने बताया कि आज शिविर में 310 मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया।

शिविर संयोजक किशन प्रजापत और महावीर शर्मा के अलावा कमलेश व्यास, वंदना राठौड़, पुखराज, दीपक कुमार, उमेश गौड, महावीर माली और छायाकार दिनेशपुरी और शंकरलाल ने अपनी सेवाएं दी।

# बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की बैठक हुई

**जोधपुर,** (का.सं.)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की साधारण सभा की अति-आवश्यक बैठक आज बार कौंसिल ऑफ राजस्थान, जोधपुर के कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अध्यक्ष भुवनेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य जगमाल सिंह चौधरी, इन्द्रराज चौधरी एवं रामप्रसाद सिंगारिया उपस्थित थे तथा उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राठौड़, बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र श्रीमाली, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सह-अध्यक्ष नवरंग सिंह चौधरी, रतन सिंह राव, हरेन्द्र सिंह सिनसिनवार, कपिल प्रकाश माथुर जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपस्थित थे । सदस्य सैयद शाहिद हसन, डॉ. सचिन आचार्य, रणजीत जोशी, कुलदीप कुमार शर्मा, घनश्याम सिंह राठौड़, सुशील कुमार शर्मा, चिरंजीलाल सैनी, डॉ. महेश शर्मा एवं योगेन्द्र सिंह शक्तावत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सहभागी बने।

साधारण सभा द्वारा अति-आवश्यक बैठक नामांकन की तिथि से दो वर्ष की निर्धारित समयावधि में अखिल भारतीय विधि परीक्षा उत्तीर्ण करने से संबंधित नियमों में शिथिलता प्रदान करने के संबंध में माननीय सदस्यों से प्राप्त अभ्यावेदनों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के लिए आहूत की गयी थी। भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा 31.01.2017 को जारी पत्र के माध्यम से दो साल की नियत समयावधि में उक्त परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने वाले अधिवक्ताओं को वकालत के पेशे से निषिद्ध करने हेतु निर्देशित किया गया था। साधारण सभा द्वारा इस संबंध में शिथिलता प्रदान करने एवं दो वर्ष की अतिरिक्त समयावधि प्रदान करने हेतु भारतीय विधिज्ञ परिषद् से निवेदन करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से भारतीय विधिज्ञ परिषद को नामांकन की तिथि से दो वर्ष की निर्धारित समयावधि में अखिल भारतीय विधि परीक्षा उत्तीर्ण करने से संबंधित नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए, दो वर्ष का अतिरिक्त समय प्रदान करने के लिए पत्र लिखकर निवेदन करने का निर्णय लिया गया।

साधारण सभा ने पूर्णिमा नाहर, अधिवक्ता द्वारा न्यायाधिपति के विरूद्ध सोशल मीडिया पर जारी अमर्यादित टिप्पणी को अशोभनीय, आपतिजनक मानते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं उक्त अवधि में उन्हें वकालत के पेशे से प्रतिबंधित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। सर्व-सम्मति से स्व-संज्ञान लेते हुए, उक्त मामले को राजस्थान विधिज्ञ परिषद की अनुशासनात्मक समिति को वास्ते उचित कार्यवाही प्रेषित करने का निर्णय लिया गया एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई के दौरान उन्हें वकालत के पेशे से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया।

# नौ दिन का उपवास शुरू

**रेवदर,** (निसं)। हिंदू नव वर्ष के साथ शुरू हुए नवरात्रि के लेकर भटाना जहु माता मंदिर भक्त संजय ओघड नो दिन तक लोहे की कील से बना आसन पर रहेंगे। ओघड ने बताया कि नौ दिन तक उपवास में रहेंगे।